# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड़ नगर** **दिनांक 24.02.2025**

## "थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा"

- **थाना हापुड़ नगर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत जसरूपनगर/असौडा के जंगल में मिले अज्ञात शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा मृतक के अपनी पत्नी के साथ अवैध सम्बन्धों के शक के चलते की गई थी महेन्द्र उर्फ पप्पू की हत्या।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 13.02.2025 को थाना हापुड़ नगर क्षेत्रांतगत जसरूपनगर/असौड़ा के जंगल में एक अज्ञात शव मिला था, उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

अज्ञात शव की शिनाख्त महेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्रीकृष्ण निवासी म.नं. 25/17 गांधीविहार थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई थी। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर थाना हापुड़ नगर थाने मु0अ0सं0 95/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु घटनास्थल के आस पास पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज आदि को चैक किया गया।

**कार्यवाहीः-**

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा थाने मु0अ0सं0 95/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से आलाकत्ल ईंट बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-** दस्तोई रोड गऊशाला के पास, *दिनांक-* 23.02.2025

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

जयप्रकाश पुत्र श्रीचन्द प्रकाश निवासी संजय विहार आवास विकास कालोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

## पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं आटो चलाता हूँ, काफी समय पहले मेरी जान पहचान महेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू से हुई थी । वह शराब पीता था मै भी कभी कभी उसके साथ शराब का सेवन कर लेता था । वह मेरे घर पर आ जाता था और कभी कभी मेरी गैर मौजूदगी मे भी मेरे घर पर आ जाता था, मुझे आशंका थी कि उसके मेरी पत्नी के साथ अवैध सम्बन्ध हैं । इसी शक के चलते दिनांक 12.02.2025 को शाम के समय हम दोनों ने शराब पी तथा मैं महेन्द्र को अपने साथ लेकर जसरूप नगर व असौडा के जगंल का बार्डर पर खाली पडे प्लाट मे चला गया, जहां मेरी महेन्द्र के साथ मेरी पत्नी को लेकर कहासुनी हो गई, मुझे गुस्सा आ गया । मैने वहाँ पडी ईंट उठाकर उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया । जिससे महेन्द्र की मौत हो गयी ।

## बरामदगी का विवरणः-

आलाकत्ल ईंट

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री मुनीष प्रताप सिंह थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

2.उ0नि0 श्री बालेन्द्र सिंह थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

3.हे0कां0 494 अजय शंकर, थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

4.हे0कां0 707 विनोद कुमार, थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

5.कां0 39 विपुल खोखर थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।

6.कां0 910 कृष्णकान्त थाना हापुड नगर जनपद हापुड ।